








## एक नजर में

### समस्याओं से घबराने के बजाय उनके समाधान का रास्ता खोजें लोग, बताई विधि भी...



**गोगावा, निप्र।** म.प्र. राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा 28 फरवरी को एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम गोगावां जनपद पंचायत सभागृह में आयोजित किया गया। प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री गणेश कानडे ने प्रतिभागियों को आनंद से रहने की विधियां बताईं। उन्होंने कहा कि समस्याओं से घबराने की बजाय शांत रहकर उनके समाधान का मार्ग खोजें। समस्या का नहीं, समाधान का हिस्सा बनें। हमेशा सकारात्मक सोच रखें, आनंद में रहेंगे। आनंद संस्थान के जिला प्रोग्राम लीडर श्री के.बी. मंसारे ने आनंद विभाग का परिचय वीडियो दिखाया तथा विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। सर्वप्रथम प्रार्थना व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।जीवन का लेखा-जोखा पर विस्तार से चर्चा की गई। चार प्रश्न दिए गए- जीवन में बचपन से लेकर अब तक हमें किस-किस ने मदद की, बचपन से लेकर अब तक मैंने निश्वार्थ किस-किस की मदद की, आज तक हमें किस-किस ने दुख दिया, हमने किस-किस को दुख दिया। प्रश्न देने के बाद शांत समय अल्पविराम दिया गया। सभी प्रतिभागी मौन रहे और अपने जीवन की स्टोरी शेयर की। इस दौरान परिवार में विवाद और रिश्तों का सत्र श्री मंसारे और श्री कानडे द्वारा लिया गया। प्रेरक वीडियो श्री रमेश चक्रवर्ती द्वारा दिखाए गए।प्रतिभागियों को कार्यक्रम बहुत पसंद आया। समापन पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा फीडबैक लिया गया। इस अवसर पर पैसा एक्ट ब्लॉक समन्वयक श्री कैलाश पटेल, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक धर्मेंद्र गुप्ता, आजीविका मिशन के ब्लॉक समन्वयक छाया मोदी, मेंटर तथा पंचायत मोबाईलायजर उपस्थित रहे।

### गोबर के उपलों से होगा होलिका दहन

**भीकनगांव, निप्र।** प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप भीकनगांव के बड़े चौराहे पर स्थापित होलिका दहन के लिए समिति ने गौ काष्ठ का उपयोग करने का निर्णय लिया है। समिति प्रमुख रवि पटेल ने बताया कि गौ के गोबर से बने उपलों (कंडो) का उपयोग करने से न केवल पर्यावरण शुद्ध होगा बल्कि शासन की मंशानुरूप वनों को संरक्षण करने का समाज में संदेश जाएगा। रवि पटेल ने बताया कि 2 मार्च सोमवार को प्रदोष काल में शाम के समय होलिका दहन किया आएगा और धुलेंडी 4 मार्च बुधवार को मनाई जाएगी।

### मंदिर में चोरी का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पहले से ही दर्ज हैं चार प्रकरण

**खरगोन, निप्र।** पुलिस ने एक आदतन अपराधी को श्री खाटू श्याम मंदिर की दानपेटी तोड़ कर चोरी के प्रयास मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मंदिर दानपेटी तोडने् में इस्तेमाल किया सरिया भी जब्त किया है। थाना करही पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 27 फरवरी को ग्राम करही स्थित खाटू श्याम मंदिर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। इसी सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरु की। मंदिर में चोरी की घटना आमजन की आस्था से जुड़ा मामला होने से चोरी की घटना में संलिप्त आरोपियों की जानकारी एकत्रित की। परिणामस्वरूप रवि पिता सुरज्या वर्मा जाति तंवर निवासी ग्राम नेहरु मार्केट करही को मंदिर के पास देखे जाने की सूचना पर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर रवि ने दानपेटी तोडने् की बात को स्वीकार की। उसने लोहे के सरिये से दान पेटी का ताला तोड़ा और उसमें से पैसे निकालने का प्रयास किया, परंतु नकुचा मूड जाने से पैसे नहीं निकाल पाया। रवि पर पूर्व से जुआ एक्ट, आबकारी एक्ट, पॉक्सो एक्ट सहित अपहरण के प्रकरण दर्ज है।

### चौड़ी गांव में अज्ञात बाइक सवार झांसा देकर महिला के सोने-चांदी के जवरात ले उड़े...

**अंदड, निप्र।** समीपस्थ चौडी गांव में गुरुवार दोपहर 1 बजे दो राहगीर बाइक सवार गांव में आए पहले गली में सरस्वती बाई जो अपने घर बैठी थी उनको देखकर उनके पास रुक गए पहली बार अनजान देखकर महिला ने लोटा गिलास पानी पीने के लिए दिया, वे देखते रहे और दूसरी गली में चले गए, वहां पर लक्ष्मीबाई नाम क बु ड़िया के गली में दो चक्कर लगाए, एवं होटल पर आकर बैठकर सोने चांदी तांबे पीतल की रकम उजली धोकर उजला करने के लिए बातें करने लगे उसमें से एक युवक दरवाजे के पास लेटी हुई 70 वर्षीय लक्ष्मी बाई के पास बैठ गया और उसके पांव सेकल्ला निकाल लिया और उसे पानी में डाल दिया और लक्ष्मी बाई को अंदर से कहीं लाने के लिए बताएं, उसके यहां रखा तांबे का लोटा भी बुलवाया और पानी में डालकर साफ करके बताया



इसके पश्चात दूसरा कल लाभ ही खोलकर निकाल लिया बाद में पास में रहने वाली ममता भाई भी आ गई, चिंताराम पटेल भी आ गए एवं उसे कहा कि तू यहां से जा हमको कुछ भी नहीं करवाना माया का छोरा आ जाएगा तो तेरे को और कोई कहा सुनी हो जाए इसलिए तू चले जा इतने में वह दोनों युवा वहां से अन्यत्र निकालने में रफू चक्कर हो गए. उक्त घटना से क्षेत्र में एवं गांव में सनसनी फैली हुई है।

### पीजी कॉलेज में विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाई वैज्ञानिक सोच, प्रस्तुत किए मॉडल



**खरगोन, निप्र।** पीजी कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान प्रवृत्ति और नवाचार के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी उत्साह से भाग लिया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने बैक्टीरिया, सूक्ष्मजीवों के प्रकार, जल शुद्धिकरण तथा पादप.जन्तु कोशिकाओं पर मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने मॉडल का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों के प्रयोग और प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि विज्ञान मानव जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाने का माध्यम है। माइक्रोबायोटैग विभागाध्यक्ष डॉ. केएस बघेल ने बताया कि स्टूडेंट प्रेजेंटेशन के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा माइक्रोबायोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी विषय से संबंधित विभिन्न मॉडल एवं पोस्टर प्रदर्शित किए गए। विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र डॉ. संध्या बटवे ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना तथा शोध के प्रति रुचि विकसित करना। कार्यक्रम में प्रो. रविंद्र रावल, प्रो. सीएल निगवाल, डॉ. जीआर मसार, डॉ. मनोज पाटीदार, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. गणेश पाटिलए आदि मौजूद रहे।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन शुरू

## नि:शुल्क अभियान का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया अजमेर से

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** जिला चिकित्सालय खरगोन में 28 फरवरी को सर्विकल एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ किया गया है। शुभारंभ अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष भोलू कर्मा द्वारा बताया गया कि देश में हर साल सर्विकल कैंसर के कारण हजारों माताओं एवं बहनों को अपनी जान गंवानी पड़ती हैं, लेकिन अब इस साइलेंट किलर के खिलाफ एक मजबूत ढाल तैयार है।





जानकारी अनुसार अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर से किया गया। डिप्टी कलेक्टर लोकेश छापरे द्वारा बताया गया कि यह टीका बाजार में 4 से 5 हजार रुपये का एक टीका आता है, शासन इसे बालिकाओं को नि:शुल्क लगा रही है। इसकी गंभीरता को समझें, शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करें और इस अभियान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलतसिंह चैहान द्वारा बताया गया कि देशभर में 14 से अधिक और 15 साल से कम उम्र की बालिकाओं के लिए जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। वे सभी बालिकाएं जो कि 14 वर्ष की आयु की हैं और अपना 15वाँ जन्मदिन नहीं मनाया है, वे सभी सरकारी चिन्हित अस्पतालों में जाकर यह वैक्सीन नि:शुल्क लगवा सकती हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी धीरेंद्र सोनी द्वारा बताया गया कि देश में हर साल बढ़ रहे सर्विकल कैंसर के मरीज, महिलाओं में सर्विकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर साल लगभग 1.25 लाख महिलाएँ इसकी चपेट में आती हैं, और 75,000 के करीब मौतें होती हैं। जिले का लक्ष्य 24183 बालिकाएं हैं, जिन्हें एचपीवी वैक्सीन के टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए जिले में 9 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें जिला चिकित्सालय खरगोन, सिविल अस्पताल बड़वाह, सनावद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेश्वर, मंडलेश्वर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीकनगांव, सेगावा, गोगावा आदि है। इन केंद्रों पर मंगलवार, शुक्रवार व शासकीय अवकाश को छोड़कर शेष दिवस में यह वैक्सीन लगाई जाएगी। 28 फरवरी को शुभारंभ अवसर पर एएनएम विजयलक्ष्मी शिंदे द्वारा 03 बालिकाओं को टीके लगाए गए हैं। इस दौरान डॉ. माधव हसानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इंदौर, डॉ. चंद्रजीत सावले, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, किशोर मुजाल्दे, एएसओ, प्रतीक पांजरेआदि उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चैहान द्वारा जिले की जनता से अपील की है कि वे अपनी बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगवाकर स्वास्थ्य लाभ लें।

### एचपीवी वेक्सीनेशन का समारोहपूर्वक किया उद्घाटन, सर्वाइकल कैंसर पर होगा नियंत्रण

**मंडलेश्वर, निप्र।** ब्रेस्ट कैंसर के बाद महिलाओं मे सबसे ज्यादा मामले बच्चेदानी के कैंसर के होते हैं यह राष्ट्रीय चिंता का विषय हैं।सी एच सी मंडलेश्वर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश पाटीदार ने उक्त बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडलेश्वर मे आयोजित एच पी वेक्सीनेश शुभारम्भ समारोह मे कही आपने कहा कि भारत मे कैंसर के जितने भी मामले होते हैं उनमे ब्रेस्ट कैंसर के बाद सबसे अधिक मामले सर्वाइकल कैंसर के ही होते हैं जो लगभग 17 प्रतिशत होते हैं। इस कैंसर का पता तब चल पाता हैं जब वह चौथी स्टेज पर पहुंच जाता हैं।इसलिए सर्वाइकल कैंसर से बचना ही इसका उपचार हैं। यह वेक्सीन पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश चंद मोयदे थे अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार ने की विशेष अतिथियों मे पार्षद नितिन पाटीदार भाजपा नेता मनोज शर्मा हरि गाड़गे संदीप हिरवे विष्णु पाटीदार श्रीमति मंजुला मेवाड़े लीला वर्मा जया वर्मा शामिल रहे।महिला चिकित्सक डॉ किरण वर्मा मे महिलाओं मे होने वाले इस रोग के लक्षण बताए और अनुरोध किया कि 14 साल तक कि बालिकाओं कों यह वेक्सीन जरूर लगवाना चाहिए। डॉ सुजीत यादव ने कहा की वेक्सीनेशन के बाद महिलाओं मे सर्वाइकल कैंसर का खतरा कम हो जाएगा वेक्सीन



लगने के बाद हायजीन का ध्यान जरूर रखें। मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार ने कहा की प्रधान मंत्री की इस योजना का लाभ हर व्यक्ति कों मिलना चाहिए देश की नारी स्वस्थ होंगी तो देश का सर्वांगीण विकास होगा। संचालन गजेंद्र सेन ने किया।सी एच सी इचार्ज डॉ विशाल बामनिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की यह वेक्सीनेशन पूर्ण रूप से सुरक्षित होकर इसके कोई साईट इफेक्ट नहीं है वेक्सीनेशन प्रोग्राम तीन माह चलेगा।

### गोगावां में 1200 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य

**गोगावा, निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावा में भारत शासन के निर्देशानुसार सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरी बालिकाओं को एच.पी वी वैक्सीन का शुभारंभ किया गया डॉक्टर अहमद रजा खान मेडिकल ऑफिसर द्वारा बताया गया कि एच.पी .वी. वैक्सीन 14 वर्ष से 15 वर्ष तक की बालिकाओं को वैक्सीनेशन किया जाएगा यह अभियान शासन के निर्देशानुसार तीन माह तक चलाया जाएगा जिसमें ब्लॉक गोगावा अंतर्गत लगभग 1200 बालिकाओं को लाभ प्राप्त होगा। इस संबंध में आज ब्लॉक के समस्त सेक्टर स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई एवं सभी को निर्देश दिए गए कि एच पी.वी.वैक्सीन का ज्यादा से ज्यादा प्रचार कर बालिकाओं को वैक्सीनेशन सेंटर पर भेजने हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर बी.ई.ई.परसराम क्षेत्रे बीपीएम अशीष पंवार,बीसीएम जितेंद्र पाटीदार, एम.आई.अशोक कुशवाहा सुपरवाइजर संजय चौहान ,एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### जिला अस्पताल में भी शुरु हुआ एचपीवी टीकाकरण

**खरगोन, निप्र।** जिला अस्पताल में शनिवार को समारोहपूर्वक एचपीवी बचाव का टीकाकरण कार्यक्रम शुरु किया गया। यह टीका बालिकाओं को ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय का कैंसर) से बचाव करेगा। इस टीकाकरण अभियान की डिप्टी कलेक्टर लोकेश छापरे, सीएमएचओ इंदौर माधव हसानी और खरगोन सीएमएचओ डॉ. डीएस चौहान की मौजूदगी में किया गया। एएनएम विजयलक्ष्मी शिंदे और सुनीता भालसे ने बताया ऑनलाईन पोर्टल पंजीयन के बाद टीका लगाया गया है। पहला टीका शहर लिवांशी चौधरी और हिमाक्षी चौधरी दोनों निवासी प्रभूकृपा कॉलोनी और समीक्षा नारिया को लगा। यह तीनों स्कूली छात्राएं है। यह टीका सिंगल डोज में लगाया जाएगा। बाजू में इंजेक्शन लगाया गया। प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है। सीएमएचओ डॉ. चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस टीकाकरण अभियान का राजस्थान के अजमेर से शुभारंभ किया, जिसका सीधा प्रसारण जिला अस्पताल में भी देखा गया।



### उत्कृष्ट स्कूल के लेखापाल मंडलोई को समारोहपूर्वक दी विदाई



**खरगोन, निप्र।** शहर के उत्कृष्ट स्कूल में बतौर लेखापाल के पद पर पदस्थ परमानंद मंडलोई को सेवानिवृत्ति पर शनिवार समारोहपूर्वक विदाई दी गई। स्कूल प्राचार्य सहित स्टॉफ ने मंडलोई की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभिनी विदाई दी।

प्राचार्य राजेंद्र पाटीदार ने श्री मंडलोई क ईमानदारी और कार्यालय में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि लेखापाल श्री मंडलोई बेदाग छवि के व्यक्ति हैं। इन्होंने कभी शिकायत का मौका नहीं दिया। अन्य लोगों को इनसे सीख लेनी चाहिए। आपकी सेवाएं अविस्मरणी रहेगी। सेवानिवृत्ति शासकीय कार्य की वह प्रक्रिया है, जिससे हर किसी को गुजरना पड़ता है। समारोह में डॉ. मीरा रखौलिया, लोकेंद्र शाह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 13 अगस्त 2007 से 28 फरवरी 2026 याने लगभग 19 वर्षों की लंबी सेवा अवधि में श्री मंडलोई ने अपने मुधर व्यवहार से पारिवारिक रिश्ता जोड़ लिया है। कार्यकाल में कभी कोई काम लंबित नहीं रखा। स्टॉफ की सैलरी व वेतन वृद्धि समय-समय मिलती रही है। स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने अपने वक्तव्य में श्री मंडलोई के कार्यों एवं व्यक्तित्व को सराहा। स्कूल स्टॉफ से मिले स्नेह पर श्री मंडलोई ने भावुक होते हुए यह मेरे लिए एक भावनात्मक क्षण है। वर्षो तक स्कूल में समय बिताया है।

### पन्ना निर्गुडे की सेवानिवृत्ति पर स्टाफ ने शाल व श्रीफल देकर किया सम्मान

**गोगावा, निप्र।** विदाई समारोह पर ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ एहमद रजा खान ने ANM पन्ना निर्गुडे के कार्यकाल की प्रशंसा की व बताया की वे हमेशा समय के पाबंद रहे ,शासकीय कर्तव्यों के प्रति सजग रहे। अशोक कुशवाह ( मलेरिया निरीक्षक) ,परसराम क्षेत्रे (BEE),आशिष पंवार (BPM) जितेंद्र पाटीदार (BCM) ,संजय चोहान (सुपरवाइजर) ,दिलीप पटेल (MPw) ने उद्बोधन कर सिस्टर के साथ किये गए कार्यकाल के अनुभव साझा किए।



### नृत्यांगना गौरी देशमुख ने खजुराहो नृत्य महोत्सव में दी प्रस्तुति

**खरगोन, निप्र।** कत्थक नृत्य संस्थान की संचालिका एवं नृत्यांगना गौरी देशमुख ने विश्व विख्यात खजुराहो नृत्य महोत्सव के 52 वें संस्करण में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। खजुराहो की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरा पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के महोत्सव में इतने बड़े स्तर पर मंच को प्राप्त करना स्वयं में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

गौरी देशमुख ने अपनी गुरु शिंजिनी कुलकर्णी के सान्निध्य में पारंपरिक बंदिशों एवं भावप्रधान अंशों की मनोहारी प्रस्तुति दी।। दर्शकों ने उनकी इस प्रस्तुति की प्रशंसा की तथा जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। संस्थान की संचालिका के रूप में जहां वे नई पीढ़ी को कत्थक की विधिवत शिक्षा दे रही हैं, वहीं स्वयं राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुतियां देकर कला साधना का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत कर रही हैं। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, बल्कि संपूर्ण निमाड़ क्षेत्र और कला जगत के लिए भी प्रेरणास्रोत है। इस उपलब्धि के लिए कत्थक नृत्य परिवार की पूरी टीम की ओर से अपनी गुरु दीदी को इस उपलब्धि की बधाइयां प्रेषित की।



एक नजर में — संशोधन वापस नहीं लिया तो करेंगे हड़ताल

# परिवहन नीति में संशोधन के खिलाफ एकजुट हुए बस मालिक

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** शासन की परिवहन नीति के खिलाफ 22 फरवरी को सागर मे मध्यप्रदेश के बस मालिकों कि बैठक में लिए गए हड़ताल के निर्णय के समर्थन मे क्षेत्र के बस मालिकों ने भी अपनी सहमति जताने के लिए मंडलेश्वर मे एक बैठक आयोजित की जिसमे क्षेत्र के सारे बस मालिक एक जुट हो चुके हैं।

बड़वाह धामनोद बस एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस बैठक में सरकार द्वारा जारी नई नीति का मुखर होकर विरोध किया हैं। इस बैठक में परिवहन नीति के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए क्षेत्र के बस मालिकों अग्रवाल बस सर्विस, जैन बस सर्विस सराफ बस सर्विस जैसे बड़े बस आनर सहित अन्य बस सेवाओं के मालिक भी शामिल हुए। इस अवसर पर बस मालिकों का कहना था की नई परिवहन नीति से सिर्फ वाहन मालिक ही नहीं बल्कि वाहन के चालक परिचालक सहित बस व्यवसाय से जुड़े सभी लोग प्रभावित होगे जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ेगा। बस मालिक कैलाश चंद जैन और राजेश अग्रवाल ने बताया की नई परिवहन नीति लागू करने के लिए सरकार ने 24 दिसंबर 25 को गजट नोटिफिकेश जारी किया था उसमे जो प्रावधान किए गए है उससे बस मालिकों का अस्तित्व ही संकट मे आ जाएगा। इस गजट नोटिफिकेशन को निरस्त किया जाय। साथ ही 29 जनवरी 2026 को जो राजपत्र जारी हुआ हैं उसमे मैरिज पार्टी और तीर्थ यात्रा परमिट शुल्क 12 रूपये से बढ़ाकर 18 रूपये किया गया हैं इसे भी निरस्त किया जाय।दोनों निर्णय बस मालिकों के लिए नुकसान देह हैं हम शासन को आख़री चेतावनी दे रहे है कि उक्त परिवहन नीति को तुरंत निरस्त कर दिया जाय और पुरानी परिवहन नीति जारी रखी जाय। अगर सरकार हमारी मांग नहीं मानेगी तो हम आंदोलन करेंगे सरकार को हमने 01 मार्च तक का समय दिया हैं यदि सरकार ने नई नीति निरस्त नहीं कि तो बस मालिक 02 मार्च से पुरे मध्य प्रदेश मे अनिश्चित कालीन बस हड़ताल शुरू करेंगे जिससे यात्रियों को होने वाली परेशानी के लिए सरकार जिम्मेदार रहेगी। उक्त बैठक मे जगदीश चंद सराफ सुरेश सराफ नरेन्द्र अग्रवाल गोलू चौहान अनिल अग्रवाल मनोज सराफ वल्लभ सराफ आशीष गुप्ता पीयूष अग्रवाल गौरव अग्रवाल अनुराग सराफ निलेश सराफ नन्दू सराफ नमन सराफ दीपक सराफ एवं अमित सराफ शामिल रहे।

